सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{20 फाल्गुन, 1946 (शo)}}{\text{11 मार्च, 2025 (ईo)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 155**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 111 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 08 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) | परिवहन विभाग | .. | .. | 12 |
| (8) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (9) | खेल विभाग | .. | .. | 06 |
| (10) | पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (11) | विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 155 |

छात्रावास का निर्माण

'क'-*73. श्री अवध विहारी चौधरी (सिवान)--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये एक भी छात्रावास नहीं रहने के कारण छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही उनके पठन-पाठन पर भी बुरा असर पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्रों के हित में सिवान जिला में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय निर्माण कराना

*663. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चम्पारण)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तेतरिया प्रखंड अन्तर्गत पुनास लहलादपुर पंचायत के वार्ड नम्बर 2, वार्ड नम्बर 5 एवं वार्ड नम्बर 10 में विद्यालय निर्माण हेतु ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति से प्रस्ताव पारित किया जा चुका है एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, तेतरिया के पत्रांक 100, दिनांक 27 जनवरी, 2023 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी, मोतिहारी को पत्र भेजा जा चुका है, परन्तु अबतक कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा दिलाना

*664. श्री रणविजय साहू (मोरवा)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत मरीचा पंचायत निवासी सतीश कुमार, पिता-शोभित चौधरी, ग्राम-हुसैनीपुर की सड़क दुर्घटना में दिनांक 10 अगस्त, 2018 को मृत्यु हो गई थी, जिसका शाहपुर पटोरी थाना कांड संख्या 259/18 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक व्यक्ति के आश्रितों को सरकारी मुआवजा अभीतक प्राप्त नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रितों को सरकारी मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घर का निर्माण

*665. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (बैसी)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी विधान सभा का बायसी प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, जहाँ प्रत्येक वर्ष बाढ़ से कृषि में गाद भर जाने के कारण फसल बर्बाद हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में नदी कटाव से घर गिर जाता है, जिस कारण घर बनाने के लिये ग्रामीणों को मिट्टी भरनी पड़ती है और मिट्टी ट्रैक्टर से लाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीणों का घर बनाने के लिये मिट्टी लदी ट्रैक्टर को प्रशासन द्वारा जबरन पकड़ कर फाइन किया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की उच्चस्तरीय जाँच कर दोषी पदाधिकारी को दंडित करते हुये ग्रामीणों के आपदा में बर्बाद घर को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 4 मार्च, 2025 को सदन द्वारा स्थगित प्रश्न ।

पोशाक की राशि उपलब्ध कराना

*666. श्री दिलीप राय (सुरसंड)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के गवर्नमेंट आई0टी0आई0, बेलसंड में पढ़ने वाले वर्ष 2022-2024 के इलेक्ट्रॉनिक मेकैनिक के छात्रों को पोशाक राशि उपलब्ध नहीं करवाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार गवर्नमेंट आई0टी0आई0, बेलसंड में पढ़ने वाले पोशाक राशि से वंचित छात्रों को कबतक पोशाक राशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ करना

*667. श्री अशोक कुमार सिंह (रामगढ़, कैमूर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-भारती महाविद्यालय, रामगढ़ में स्नातकोत्तर की पढ़ाई नहीं होती है, जिसके कारण हजारों छात्र एवं छात्राओं को वहाँ से 60 किलो मीटर दूर वाराणसी में जाकर अध्ययन करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-भारती महाविद्यालय, रामगढ़ में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समय-सीमा का निर्धारण

*668. श्री राज कुमार सिंह (मटिहानी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2024 से मैट्रिक एवं इंटर प्रपत्रों की द्वितीयक एवं तृतीयक प्रति प्राप्त करने तथा प्रपत्र सुधार की प्रक्रिया में बदलाव कर इसे डाक के माध्यम से भेजने की व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रमाण-पत्र प्राप्त कराये जाने की समय-सीमा निर्धारित नहीं है और अभ्यर्थियों के पास किसी प्रकार की कोई ट्रैकिंग आई0डी0 नहीं होती है, जिसके कारण वे अपने प्रपत्र की अद्यतन स्थिति भी नहीं जान पाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रपत्र प्राप्त करने की कोई समय-सीमा तय नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों का आवेदन विगत 3 महीने से लम्बित है तथा इससे अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में द्वितीयक एवं तृतीयक प्रति की प्राप्ति तथा प्रपत्र में सुधार की प्रक्रिया उपरान्त एक निश्चित समय-सीमा तय करते हुये निर्धारित समय पर प्रपत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन हस्तांतरित करना

*669. श्रीमती कविता देवी (कोरहा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के पंचायत फुलवड़िया के मधुरा गाँव एवं पंचायत बहरखाल के सादलपुर गाँव में 10+2 स्कूल का नया भवन एक वर्ष पूर्व बनकर तैयार है परंतु निर्मित विद्यालय में हस्तांतरित नहीं किये जाने के कारण छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराते हुये नया विद्यालय भवन कबतक हस्तांतरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*670. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (दरौंदा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा विधान सभा के हसनपुरा प्रखंड के नया प्राथमिक विद्यालय, तिलौता रसूलपुर का अपना भवन नहीं होने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

साइकिल व पोशाक राशि देना

*671. श्री गुंजेश्वर साह (महिषी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रियव्रत उच्च विद्यालय, पंचगछिया के साथ-साथ महिषी विधान सभा के सभी उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023 में नौवीं कक्षा में नामांकित छात्र-छात्राओं में से मात्र 3 छात्रों को छोड़कर अन्य को साइकिल व पोशाक की राशि अभीतक नहीं मिल पाई है जबकि छात्र-छात्राएँ अब मैट्रिक की परीक्षा देकर विद्यालय को परित्याग करने वाले हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में लाभ से वंचित छात्र-छात्राओं को साइकिल व पोशाक राशि देनें का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी का पदस्थापन

*672. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (कुचायकोट)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत में विगत छः माह से जिला परिवहन पदाधिकारी का पद रिक्त होने के कारण यातायात से संबंधित समस्याओं का निराकरण ससमय नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला में जिला परिवहन पदाधिकारी कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति रद्द करना

*673. श्री मुकेश कुमार रौशन (महुआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कौशल्या संस्कृत उच्च विद्यालय, महुआ, वैशाली में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु दिनांक 27 जून, 2013 को साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने के बावजूद 4 शिक्षकों यथा डॉ0 बैकुंठ बिहारी, प्रधानाध्यापक, श्रीमती सुषमा कुमारी, सुनील कुमार एवं अर्चना कुमारी की नियुक्ति अवैध रूप से विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा बैक डेट दिनांक 1 अप्रील, 2013 के प्रभाव से कर वेतन भुगतान किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नियुक्ति के कारण सरकार को अबतक करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति पहुँची है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध नियुक्ति की जाँच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर राशि वसूली का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

लघु खनिज की बिक्री की व्यवस्था

*674. श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय ज्ञापांक 4418, दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 द्वारा सभी कार्य संवेदकों को स्कीम एवं परियोजनाओं में व्यवहृत लघु खनिज का परिवहन/चालान संबंधित कार्य विभाग को समर्पित किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह अनिवार्यता उन छोटे संवेदकों पर भी लागू की गई है, जो स्थानीय स्तर पर लघु खनिज की खरीद करते है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त अनिवार्यता के कारण सरकारी विभागों से जो भुगतान हो रहा है, वह परमिटधारी लघु खनिज के व्यापारकर्ताओं के खाते में चला जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक प्रखंड में सरकारी डिपो खोलकर लघु खनिज की बिक्री की व्यवस्था का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन एवं अतिरिक्त कमरा का निर्माण

*675. श्री राम सुरत कुमार (औराई)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड में स्थित बुनियादी विद्यालय, बसुआ एवं प्रखण्ड कटरा का बुनियादी विद्यालय, लखनपुर भवनहीन है, एक भी छतदार कमरा नहीं है जबकि वहाँ लगभग क्रमशः 300 एवं 375 छात्र-छात्राएँ पठन-पाठन कर रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुनियादी विद्यालय, बसुआ का भवन एवं कमरा निर्माण हेतु प्रबंधक, शिक्षा विभाग, पटना के पत्रांक 3317, दिनांक 19 जून, 2020 द्वारा अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, पटना को पत्र लिखा गया था लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित पक्ष के आलोक में उक्त विद्यालय का जर्जर भवन एवं अतिरिक्त कमरा का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का निर्माण

*676. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (रक्सौल)--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के रक्सौल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत रक्सौल और आदापुर दोनों प्रखण्ड में एक भी छात्रावास नहीं होने की वजह से पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ समेकित शैक्षणिक विकास करने का सुअवसर प्राप्त नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखण्ड में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि उपलब्ध कराना

*677. श्री अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी वित्त रहित कॉलेजों को सत्र-2006-08 एवं 2007-09 की अनुदान की राशि वितरित की गयी है परन्तु सिवान जिला अन्तर्गत मिश्रीसदा कॉलेज, मैरवा को अनुदान राशि विवाद के कारण प्राप्त नहीं हो सका है, जबकि विवाद समाप्ति के उपरांत 2008-10 से लेकर 2014-16 तक अनुदान की राशि BSEB (SS) द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार सत्र 2006-08 एवं 2007-09 के बकाया अनुदान की राशि कबतक मिश्रीसदा कॉलेज को उपलब्ध कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय का भवन निर्माण

*678. श्री मुरारी मोहन झा (केवटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखंड अंतर्गत शेखपुर दानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, नवटोलिया का भवन नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई वट-वृक्ष के नीचे होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय का कबतक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण

*679. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (चिरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पताही प्रखंड अंतर्गत श्याम सुन्दर पाठक +2 हाई स्कूल, बखरी में पर्याप्त भवन नहीं है एवं चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण पठन-पाठन में छात्रों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हाई स्कूल के भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

खनिज संपदा की नीलामी

*680. श्री जय प्रकाश यादव (नरपतगंज)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला सहित प्रदेश स्तर पर बालू, ईंट व पत्थर जैसे लघु खनिज संपदा का टैक्स नोटिस के बावजूद भी नहीं चुकाने वाले बड़े बकायेदारों पर नीलाम-पत्र वाद की कार्रवाई नहीं की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रदेश में उपलब्ध खनिजों की खोज, खनिज ब्लॉकों की यथाशीघ्र नीलामी, संचालन तथा बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से प्रतिदिन सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खनिज टैक्स नहीं चुकाने वाले बकायेदारों के खिलाफ नीलाम-पत्र वाद की कार्रवाई करते हुए बचे हुए खनिज स्थलों की कबतक नीलाम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*681. श्री नेहालउद्दीन (रफीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड रफीगंज के पंचायत बलार के ग्राम-बदरपुर में बच्चे एवं बच्चियों के पढ़ने हेतु कोई भी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय नहीं है, जबकि विद्यालय खोलने हेतु जमीन रजिस्ट्री किया हुआ है, जिसका खाता नं0-9, प्लॉट संख्या-130, एराजी 5 एकड़ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में विद्यालय नहीं रहने से बच्चों को पढ़ाई करने के लिए 2 किलो मीटर दूर ग्राम-कुमहौनी जाना पड़ता है, जिससे बच्चों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में बच्चे एवं बच्चियों के पढ़ने हेतु यूनिट देते हुए विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी निर्माण

*682. श्री इजहारूल हुसैन (किशनगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखण्ड के भेलगाराठी +2 स्कूल में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राएँ काफी असुरक्षित महसूस करते हैं और अक्सर मवेशी विद्यालय परिसर के अन्दर घुस जाती है, जिससे पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच

*683. श्री शिव प्रकाश रंजन (अगिआंव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित माध्यमिक एवं इंटर की परीक्षाओं में मूल्यांकन हेतु केन्द्राधीक्षक एवं मूल्यांकन निदेशक की नियुक्ति में वरीयता का पालन किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिले में मूल्यांकन निदेशक/केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति में वरीयता का अनुपालन नहीं किया गया है जबकि उच्च न्यायालय के आदेशों/निर्देशों का उल्लंघन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने और मूल्यांकन निदेशक की नियुक्ति में हुई गड़बड़ी की जांच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय का भवन निर्माण

*684. श्री मनोज यादव (बेलहर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत-तेलिया कुमरी के ग्राम-धनियारी में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय धनियारी का भवन नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

हॉल एवं ऑडिटोरियम के भवन की मरम्मती

*685. श्री राजेश कुमार गुप्ता (सासाराम)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में ओझा टाउन हॉल एवं ऑडिटोरियम जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा उक्त ऑडिटोरियम में लाइट, साउण्ड, बिजली एवं सिटिंग व्यवस्था बहुत ही खराब स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ओझा टाउन हॉल एवं ऑडिटोरियम सासाराम के भवन की मरम्मती करने तथा अन्य आवश्यक अत्याधुनिक व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*686. श्री हरि नारायण सिंह (हरनौत)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के चण्डी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत महकार में 10+2 उच्च विद्यालय, रैसा के छात्रों की पढ़ाई मध्य विद्यालय, रैसा के भवन में ही हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय हेतु जमीन भी उपलब्ध है परन्तु उत्क्रमित होने के बाद एक भी कमरा का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 10+2 विद्यालय में अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उचित मासिक मानदेय देना

*687. श्री अमर कुमार पासवान (बोचहां)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना (एम०डी०एम०) के तहत सभी सरकारी स्कूलों में भोजन उपलब्ध कराने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइयों को अल्प मानदेय 1600 रुपये प्रति महीना दिया जाता है, परंतु मानदेय समय पर नहीं मिलता है जिसके कारण रसोइयों को जीविकोपार्जन चलाना कठिन हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रसोइयों को समय पर उचित मासिक मानदेय देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी एवं शौचालय का निर्माण

*688. श्रीमती रश्मि वर्मा (नरकटियागंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड में भसुरारी पंचायत के कटघरवा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कटघरवा है, जिसमें चहारदीवारी तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण छात्राओं को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में शौचालय सहित चहारदीवारी निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*689. श्री पवन कुमार जायसवाल (ढाका)--हिंदी समाचार-पत्र में दिनांक 9 दिसम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित खबर के शीर्षक ''सूबे के स्कूलों को 80 हजार कमरों की जरूरत'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला सहित राज्य के स्कूलों को करीब 80 हजार कमरों की जरूरत है, स्कूल में कमरा नहीं होने से बच्चों को पढ़ने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा मार्च, 2025 तक कमरों के निर्माण का लक्ष्य दिया है जिसके बावजूद अभीतक कमरा निर्माण करने का रफ्तार काफी धीमी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ढाका विधान सभा सहित राज्य के सभी स्कूलों में कमरों का निर्माण कार्य निर्धारित समय तक पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

महिला कॉलेज स्थापित करना

*690. श्री चेतन आनंद (शिवहर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय में एक भी महिला कॉलेज नहीं है, जबकि डिग्री कॉलेज नये भवन में चले जाने के कारण भवन खाली है, यदि हाँ, तो सरकार पुराने डिग्री कॉलेज भवन में महिला कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

छात्रों का कर्ज माफ करना

*691. श्री सतीश कुमार (मखदुमपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के सभी लाभार्थी राशि लौटाने में सक्षम नहीं हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत प्राप्त राशि को लौटाने में असक्षम छात्रों का कर्ज माफ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डिग्री महाविद्यालय की स्थापना

*692. श्रीमती मनोरमा देवी (बेलागंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बेलागंज प्रखंड में एक भी डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु 45/50 किलो मीटर दूरी तयकर दूसरे शहर के महाविद्यालय में जाना पड़ता है, जिससे अधिकांश छात्र पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ई-बस का परिचालन कराना

*693. श्री नारायण प्रसाद (नौतन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 दिसम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''दिव्यांगजनों व बुजुर्गों के लिये चलेंगी 22 से अधिक ई-बसें'' के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिव्यांगजनों व बुजुर्गों के लिये ई-बस चलाने की योजना है, परंतु प० चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय, बेतिया हेतु बुजुर्गों के लिये कोई सरकारी सुविधायुक्त वाहनों का परिचालन नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बुजुर्गों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुये उक्त स्थान के बीच स्थित अस्पताल, बैंक, बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन हेतु ई-बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सरकारी बस चलाने हेतु

*694. श्री ऋषि कुमार (ओबरा)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर अनुमंडल से भाया नासरीगंज, सासाराम होते हुये भभुआ मुंडेश्वरी एवं दाउदनगर से भाया विक्रमगंज होते हुये बक्सर तक पथ परिवहन निगम की बस नहीं चलने के कारण लोगों को उक्त वर्णित पर्यटक एवं धार्मिक स्थल तक जाने के लिये लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों तक बस चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समुचित कार्रवाई करना

*695. श्री आबिदुर रहमान (अररिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), अररिया द्वारा जिला में 469 शिक्षकों का नियम विरुद्ध पदोन्नति कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित पदाधिकारी के कृत की जाँच करा कर समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

धार्मिक स्थल पर आवश्यक सुविधा

*696. श्रीमती स्वर्णा सिंह (गौरा बौराम)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में गौड़ाबौराम विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रखंड गौड़ाबौराम के कसरौड़ जो कि भगवती कसरौड़ के नाम से भी प्रसिद्ध है, में माँ ज्वालामुखी के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने प्रसिद्ध स्थल होने के बावजूद श्रद्धालुओं को ठहरने, पीने के लिए शुद्ध पानी एवं शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर रात्रि विश्राम, शौचालय निर्माण एवं पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवासीय विद्यालय का निर्माण

*697. श्री बिजय सिंह (बरारी)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी विधान सभा क्षेत्र के कुर्सेला एवं समेली प्रखंड में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*698. श्री रामवली सिंह यादव (घोसी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य भर में कम्प्यूटर, मेल आदि कई कीमती सामग्री विद्यालयों में उपलब्ध है जिसकी सुरक्षा के बावजूद अक्सर चोरी की घटनायें घटित हो जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत घोसी विधान सभा में 10+2 विद्यालय अहियासा 10+2 पाली जैसे विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं होने के कारण सामाग्रियों की चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक चहारदीवारी विहीन विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*699. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (जहानाबाद)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रतनी-फरीदपुर प्रखंड के पंचायत सिंकदरपुर के ग्राम-सिंकदरपुर में नवसृजित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु जमीन मौजा-सिंकदरपुर, थाना नं0 214, खाता नं0 740, प्लौट नं0 834, रकबा 2 एकड़ 63 डी0, गैर-मजरूआ आम परती कदीम उपलब्ध है परंतु भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त करना

*700. श्री आफाक आलम (कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गते कसबा प्रखंड के बरैटा पंचायत में स्थित कामानंद उच्च विद्यालय के 2 एकड़ जमीन पर असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के जमीन पर अतिक्रमण को कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि का भुगतान

*701. श्री राहुल तिवारी (शाहपुर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रिया कुमारी, पिता-प्रविन्द्र शर्मा, ग्राम-नावाडीह, पोस्ट-ओसाई, थाना-शाहपुर, प्रखंड बिहिया, जिला-भोजपुर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 को हो गई है लेकिन अभी तक मृतक के आश्रित परिवार को कोई सरकारी सहायता राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के आश्रित परिवार को सरकारी मुआवजा राशि कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवनों का निर्माण

*702. श्री दामोदर रावत (झाझा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत झाझा प्रखंड का मध्य विद्यालय, धमना एवं मध्य विद्यालय, बाराकोला को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है किंतु इन विद्यालयों में कमरों के अभाव में छात्र-छात्राओं के वर्गवार पठन-पाठन में दिक्कत आ रही है, यदि हाँ, तो सरकार वर्गवार सुचारू ढंग से पठन-पाठन के लिए उक्त दोनों विद्यालय के भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कला मंच का निर्माण करना

*703. श्री मिथिलेश कुमार (सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित एस0आर0के0जी0 कॉलेज सीतामढ़ी में स्नातक छात्र/छात्राओं के लिए महाविद्यालय परिसर में कोई भी कला मंच नहीं होने से मेधावी छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महाविद्यालय के परिसर में कला मंच का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कक्षा, शौचालय एवं चहारदीवारी का निर्माण

*704. श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, पीपरपांती कालूचक, खरीक में मात्र दो वर्ग कक्ष है जिससे पठन-पाठन का कार्य प्रभावित होता है जबकि विद्यालय कक्ष के लिए पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध है, साथ ही उक्त विद्यालय में चहारदीवारी एवं शौचालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा के साथ शौचालय एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*705. श्री कुंदन कुमार (बेगूसराय)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत रतनपुर मध्य विद्यालय एवं म0 वि0 मिर्जापुर वन्द्वार के लिये शिक्षा विभाग के द्वारा नये भवन के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के नये भवन के निर्माण हेतु शिक्षा विभाग के द्वारा रतनपुर मध्य विद्यालय के लिये लगभग 50 लाख एवं म0 वि0 मिर्जापुर वन्द्वार के लिए 44 लाख की राशि दिनांक 24 जुलाई, 2024 को आवंटित होने के बावजूद भी आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग द्वारा आवंटित राशि के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने की जाँच कराते हुए उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी बस सेवा हेतु

*706. श्री विजय कुमार मण्डल (दिनारा)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय की दूरी 35 कि0मी0 है, किन्तु प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय के लिए सीधी सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण प्राईवेट बस वाले अधिक भाड़ा वसूलते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक सीधी सरकारी बस सेवा चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*707. श्री शमीम अहमद (नरकटिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में डिग्री कॉलेज का अभाव रहने के कारण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बिहार राज्य से बाहर जाना पड़ता है तथा राज्य से बाहर छात्र-छात्राओं से मनमानी शुल्क वसूली की जाती है, जिससे गरीब छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण

*708. श्रीमती शालिनी मिश्रा (केसरिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत संग्रामपुर प्रखंड के बरवा पंचायत के वार्ड नं0 9 में स्वीकृत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन नहीं है तथा संग्रामपुर प्रखंड के नव-सृजित विद्यालय वृता मठिया में छात्रों के अनुपात में वर्ग कक्ष एवं चहारदीवारी नहीं है, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों का भवन एवं अतिरिक्त वर्ग कक्ष तथा चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमरों एवं चहारदीवारी का जीर्णोद्धार

*709. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, गांधी टोला में वर्ष 2005 में बने 6 एवं वर्ष 2007 में बने 6 कमरे और चहारदीवारी क्षतिग्रस्त है, जिससे छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में कमरों एवं चहारदीवारी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई करना

*710. श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर एवं एकंगरसराय प्रखंड के वैदिक साहित्य संस्कृत उच्च विद्यालय, आता सराय, विश्वबन्धू संस्कृत उच्च विद्यालय, तेलहाड़ा, भाष्कर मध्य विद्यालय, औंगारी सहित अन्य संस्कृत विद्यालयों में विभागीय नियुक्ति नियमावली, 2015 के आलोक में बिना रोस्टर, आरक्षण अनुपालन के शिक्षक/शिक्षकोत्तर कर्मियों की नियुक्ति वर्ष 2024 में की गई है, जबकि नई नियमावली, 2024 में ही प्रवृत्त हो चुकी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जिलाधिकारी नालन्दा एवं विभागीय सचिव को छः माह पूर्व ही इसकी जानकारी उपलब्ध कराई गयी है जिसपर अबतक कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त संस्कृत विद्यालयों में की गई मनमानी नियुक्ति की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण

*711. श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत परिहारी के वार्ड नं०-7 मंडल टोला में वर्ष-2011 से एक प्राथमिक विद्यालय संचालित है तथा विद्यालय के नाम से 25 डिसमिल जमीन भी उपलब्ध है किन्तु भवन नहीं रहने के कारण उक्त विद्यालय को 4 किलो मीटर दूर वार्ड नं०-5 में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, परिहारी के साथ टैग कर दिया गया है, जिससे उस टोला के बच्चों को वहां जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का अपना भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

प्राथमिक स्कूल को उतक्रमित करना

*712. श्री सुर्यकान्त पासवान (बखरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड के हसनपुर बागर पंचायत के नाथबागर प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित अभीतक नहीं किया गया है जबकि उक्त प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या 800 है जो क्षमता से 500 अधिक है जिससे बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्कूल को मध्य विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

भवन का जीर्णोद्धार

*713. श्री विजय कुमार खेमका (पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ महिला कॉलेज में एस०सी० और एस०टी० वर्ग के लिये लाखों रुपये की लागत से बना छात्रावास 25 साल बाद भी विभाग के द्वारा महाविद्यालय को हैंड ओवर नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अर्द्धनिर्मित छात्रावास भवन ध्वस्त होने के कगार पर पहुँच गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित भवन का जीर्णोद्धार कर महिला कॉलेज को हस्तांतरित करने तथा दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नामित सदस्यों का मनोनयन

*714. श्री रामानुज प्रसाद (सोनपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दयानंद विद्यालय +2 मीठापुर, पटना के निबंधित बाय लॉज के कंडिका 06 के अनुसार मा० शिक्षा निदेशक के तीन विभागीय प्रतिनिधियों को तीन वर्षों के लिये मनोनयन किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 675, दिनांक 20 जुलाई, 2021 के द्वारा निदेशक, मा० शिक्षा के नामित सदस्यों का कार्यक्रम 20 जुलाई, 2024 को समाप्त हो चुका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के प्राचार्य के पत्रांक 35, दिनांक 06 अगस्त, 2024 के द्वारा निदेशक मा० शिक्षा से नये विभागीय तीन सदस्यों को मनोनयन करने की मांग की गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नये विभागीय तीन नामित सदस्यों का मनोनयन करने का आदेश देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन का निर्माण

*715. श्री देवेश कान्त सिंह (गोरियाकोठी)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड गोरेयाकोठी, बसंतपुर एवं लकड़ीनवीगंज में आँगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या क्रमशः 277, 128, 158 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड गोरेयाकोठी अन्तर्गत 277 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 122, केन्द्रों का, प्रखंड बसंतपुर अन्तर्गत 128 केन्द्र में से 12 केन्द्रों का एवं प्रखंड लकड़ीनवीगंज अन्तर्गत 158, केन्द्रों में से 29 केन्द्रों को ही अपना भवन उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इतने बड़े पैमाने पर आँगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण नहीं होने से केन्द्रों का संचालन करने में कठिनाई हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त तीनों प्रखंडों के आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान

*716. श्री मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला प्रखंड नानपुर व बेलसंड सहित 17 प्रखंडों में दिसम्बर, 2024 में 3000 एवं जनवरी, 2025 में 1150 डॉग बाइट के मरीज हॉस्पिटल पहुँच चुके हैं, यदि हाँ, तो सरकार आवारा कुत्तों से उत्पन्न इस कठिनाई को कबतक दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय का उत्क्रमण

*717. श्री मुहम्मद इजहार असफी (कोचाधामन)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड-कोचाधामन में मध्य विद्यालय, मोहनमारी अवस्थित है, जहां उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु अत्यधिक दूर जाने से असुविधा तथा पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पदाधिकारी पर कार्वाई

*718. श्री विजय कुमार (शेखपुरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा के ज्ञापांक 3425, दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 द्वारा नियम के विरुद्ध बाह्य एजेंसी से कार्यरत सहायक प्रबंधक तकनीकी (AMT) एवं कनीय प्रबंधक तकनीकी (JMT) की अवधि विस्तार की गई है, जबकि विस्तार करने का अधिकार सिर्फ राज्य परियोजना निदेशक, पटना को है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मामला के उजागर होने पर राज्य परियोजना निदेशक, पटना ने अपने पत्रांक 4835, दिनांक 23 दिसम्बर, 2024 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा से स्पष्टीकरण की मांग की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम के विरुद्ध कार्य करने वाले जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा पर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

इंडोर स्टेडियम का निर्माण

*719. श्री प्रणव कुमार (मुंगेर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अभियंत्रण महाविद्यालय, मुंगेर में इंडोर स्टेडियम नहीं होने के कारण वहां के विद्यार्थियों को खेलने में समस्या होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर इंडोर स्टेडियम के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भोजन उपलब्ध कराना

*720. श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय के पत्रांक-2687, दिनांक 6 दिसम्बर, 2023 द्वारा जग विजय फाउन्डेशन, मोतिहारी के साथ-साथ कुल 37 स्वयं सेवी संस्थाओं को चयनित कर दिनांक 28 नवम्बर, 2023 को पत्रांक 2628 द्वारा प्रभारी उप-निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना द्वारा केन्द्रीयकृत रसोई घर निर्माण करने का आदेश दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी चयनित संस्थाओं के कार्य आरम्भ करने के उपरांत निर्धारित अवधि में रसोई घर का निर्माण करा लिया गया है, जो लगभग एक वर्ष से बन्द पड़ा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्याह्न भोजन योजना के तहत निर्मित केन्द्रीयकृत रसोई घर से बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पेंशन एवं वेतन की राशि उपलब्ध कराना

*721. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय सहित अन्य चार विश्वविद्यालयों को विगत तीन माह से वेतन एवं पेंशन भुगतान हेतु राशि का आवंटन प्राप्त नहीं होने के कारण शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को वेतन एवं पेंशन का भुगतान प्रतिमाह नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय सहित अन्य सभी विश्वविद्यालय के लिये पेंशन एवं वेतन की राशि का आवंटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

वाहन पार्किंग बनाने हेतु

*722. श्री सी०एन० गुप्ता (छपरा)--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा कलेक्ट्रेट के दक्षिणी छोर पर स्थित निबंधन कार्यालय में प्रतिदिन 500 से 600 की संख्या में लोग जमीन का निबंधन कराने आते हैं और निबंधन कार्यालय परिसर में जगह नहीं रहने के कारण गाड़ी सड़क पर या कार्यालय के सामने खड़ा कर देते हैं, जिससे उत्पन्न जाम की स्थिति से आमजनता को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त कार्यालय में वाहन पार्किंग बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*723. श्रीमती मंजु अग्रवाल (शेरघाटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड डोभी के ग्राम-कजियार मे मध्य विद्यालय को चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने के कारण पशुओं एवं असामाजिक तत्वों के विद्यालय परिसर में प्रवेश करने से विद्यार्थियों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति

*724. श्री युसूफ सलाहउद्दीन (सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा दो चरणों में ली जा चुकी है जिसमें कक्षा 1 से 5 के शिक्षकों के लिए भाषा अंतर्गत अंग्रेजी भाषा सभी के लिए अनिवार्य था एवं हिन्दी, उर्दू अथवा बंगला भाषा में से किसी एक भाषा की परीक्षा देनी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कक्षा 1-5 के शिक्षक अभ्यर्थियों के भाषा के चयन के उपरांत सामान्य शिक्षकों को उर्दू शिक्षक, उर्दू शिक्षकों को सामान्य शिक्षक तथा सामान्य शिक्षकों को बंगला शिक्षक का औपबंधिक नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया है जिस कारण प्राथमिक शिक्षा निदेशक द्वारा इनकी नियुक्ति पर रोक लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों का समायोजन करना

*725. श्री महा नंद सिंह (अरवल)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के अंतर्गत कार्यरत दिव्यांग बच्चों को पढ़ने हेतु विशेष शिक्षा में डी0इ0एड0/बी0इ0एड0 में प्रशिक्षित एवं भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली से पंजीकृत अभ्यर्थियों को विशेष शिक्षकों के रूप में 19 वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य परियोजना निदेशक बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक IE/48, दिनांक 04 जनवरी, 2022, पत्रांक-IE/7294, दिनांक 25 नवम्बर, 2022 एवं पत्रांक 2631, दिनांक 03 मई, 2023 के आलोक में विशेष शिक्षकों को समायोजन हेतु सहमति दी गई थी फिर भी अभी तक समायोजन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित पत्र के आलोक में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु विशेष शिक्षकों का समायोजन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राज्य परिवहन की बसों का परिचालन

*726. श्रीमती मीना कुमारी (बाबुबरही)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत लदनियां प्रखण्ड के पिपराही से दरभंगा तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस पूर्व में संचालित थी, परन्तु वर्तमान में सरकारी बस परिचालन की सुविधा नहीं रहने के कारण आम नागरिकों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त एस0 एच0 पिपराही से लदनियां , छपकी, तेनुआही, पदमा, जयनगर होते हुए दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग है तथा पड़ोसी देश नेपाल से सटा रहने के कारण उक्त स्थान पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पिपराही से दरभंगा आने-जाने हेतु राज्य परिवहन की बसें पुनः चलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

महाविद्यालय का निर्माण

*727. श्री छत्रपति यादव (खगड़िया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत अवध बिहारी संस्कृत महाविद्यालय, रहीमपुर जो कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा का अंगीभूत इकाई है, का भवन निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है जबकि इसका शिलान्यास कुलपति कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा के द्वारा एक वर्ष पूर्व किया गया था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय स्थानांतरित करना

*728. श्री अजय कुमार (बिभूतिपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बिभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, महथी उत्तर, (विद्यालय कोड-10190602618) में जगह के अभाव में पठन-पाठन एवं अन्य कार्य के सम्पादन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्त रहित बिंदेश्वरी उच्च विद्यालय, महथी में बिहार सरकार, शिक्षा विभाग के नाम से भूमि उपलब्ध है एवं विद्यालय का निबंधन सरकार द्वारा रद्द करने से विद्यालय का संचालन भी बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उच्च माध्यमिक विद्यालय, महथी उत्तर को स्थानीय वित्तरहित बिंदेश्वरी उच्च विद्यालय में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

खेल के मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में

*729. श्री राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के प्रखंड चेरिया बरियारपुर अंतर्गत राजस्व ग्राम-मेहदासाहपुर में थाना नं0-114, खाता नं0-77, खेसरा नं0-1208 में स्थित खेल के मैदान का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 को अंके-950991.00 की राशि के साथ किया गया था, जिस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेल के मैदान को कबतक अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*730. श्री ललित कुमार यादव (दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के मध्य विद्यालय, भटपुरा में भूमि उपलब्ध रहते हुए विद्यालय भवन जर्जर है एवं प्राथमिक विद्यालय, डीह बरई की भूमि एवं भवन नहीं है जिसे छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मध्य विद्यालय, भटपुरा में भवन एवं प्राथमिक विद्यालय, डीह बरई में भूमि उपलब्ध कराते हुए भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का निर्माण

*731. श्री विश्व नाथ राम (राजपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-बासदेवपुर में विद्यालय नहीं है, जिस कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कफी कठिनाई होती है तथा ग्राम के छोटे बच्चे को 04 कि0मी0 दूर जाकर पढ़ना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में विद्यालय का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण

*732. श्री मनोज कुमार यादव (कल्याणपुर)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोटवा में बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत मौजा कल्याणपुर वृत में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड के लिए थाना नं0-186, खाता नं0-68, खेसरा नं0-211, रकबा-10 डी0 गैर-मजरुआ भूमि उपलब्ध है, परंतु इस पंचायत के अनुसूचित जाति बस्तियों में सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए एक भी सामूहिक भवन नहीं है, जबकि यह स्थान सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण कार्य कराने की सभी शर्तें पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महादलित बस्ती में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्यालय खोलना

*733. श्रीमती गायत्री देवी (परिहार)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत कोई भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं होने से कन्याओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, जबकि इस प्रखण्ड में कन्या विद्यालय के नाम पर बिहार सरकार के नाम से एक एकड़ 11 डिसमिल जमीन दान में रजिस्टर्ड है और ठीक सोनबरसा के बगल में और भी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार सोनबरसा में कन्या उच्च विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्टेडियम को समतल करना

*734. श्री शकील अहमद खाँ (कदवा)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के कुम्हडी में फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री खेल विकास योजना से किया गया था, किन्तु मैदान में वृक्ष लगे होने तथा उसके समतल नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्टेडियम के मैदान को समतल करने तथा अनावश्यक वृक्षों की कटाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

चहारदीवारी का निर्माण

*735. श्री राम सिंह (बगहा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा-2 के बैराटी बरियरवा पंचायत में रमवलिया (10+2) विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारातमक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोत्साहन राशि का भुगतान

*736. श्री राजेश कुमार सिंह (हथुआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्रा भवानी कुमारी, पिता-विनय कुमार सिंह, ग्राम-आनंदगोलवा, प्रखंड मोहिद्दीननगर, जिला समस्तीपुर सहित कई छात्राओं की 2016 की प्रोत्साहन राशि लंबित है, जो जे0 एम0 टी0 एस0 ए0 एन0 एस0, इंटर महाविद्यालय, सुलतानपुर प्रखंड मोहिद्दीननगर, जिला-समस्तीपुर से संबद्ध है, जिसके आवंटन हेतु जिलास्तर से पत्रांक 580, दिनांक 05 मार्च, 2018, 173, दिनांक 03 अगस्त, 2018, 124, दिनांक 17 फरवरी, 2020 एवं 683, दिनांक 23 सितम्बर, 2021 अधियाचना भेजी गयी थी जो अद्यावधि अप्राप्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय की बालिकाओं के प्रोत्साहन राशि की भुगतान की कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*737. श्री अरूण सिंह (काराकाट)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-काराकाट के ग्राम-सुकहरा में मध्य विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय सहित श्रीनगर+2 विद्यालय भी अवस्थित है, परंतु प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने हेतु 1 किलो मीटर से अधिक दूर प्रखंड-नासरीगंज के ग्राम-डिहरी में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार छात्र-छात्राओं के कठिन समस्याओं को देखते हुए ग्राम-सुकहरा में कबतक प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

मृतक के आश्रित को मुआवजा देने हेतु

*738. श्री सत्यदेव राम (दरौली)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 25 नवम्बर, 2021 में विद्याभूषण राम, ग्राम-चकरी, चौलाटोला, थाना-दरौली, सीवान का बननौली पेट्रोल पम्प मैरवा के पास स्कूल बस से दुर्घटना हो जाने के कारण सदर अस्पताल, सीवान में मृत्यु हो गयी है। जिसका मैरवा थाना में F.I.R No.-385/2021, दिनांक 28 नवम्बर, 2021 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी आवश्यक कागजात जमा करने के पश्चात् भी परिवहन विभाग द्वारा मृतक के आश्रित को मुआवजा नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मृतक के आश्रित को कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बंगला भाषी पुस्तक छापना

*739. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, पूर्णियां, अररिया, कटिहार जैसे कई जिलों में लाखों बंगाली शरणार्थी परिवार रहते हैं, जिसकी मातृभाषा बंगला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बंगला भाषी छात्रों के लिये बिहार सरकार द्वारा बंगला भाषा में पाठ्य पुस्तकें नहीं छपाने से बंगला भाषी अपनी मातृभाषा में शिक्षा पाने से वंचित हो रहें हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंगला भाषी छात्रों के लिए बंगला में पाठ्य पुस्तकें छपाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

स्थापना की नीति बनाना

*740. श्रीमती नीतु कुमारी (हिसुआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी जिलों में महिला महाविद्यालयों की स्थापना नहीं होने से बालिकाओं और महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्ति में अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राज्य के सभी जिलों में महिला महाविद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

आई0 सी0 टी0 लैब इंस्ट्रक्टर की बहाली

*741. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (बहादुरगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला के विद्यालयों में आई0 सी0 टी0 लैब इंस्ट्रक्टर की बहाली की गई थी, किन्तु नियुक्त सभी लैब इंस्ट्रक्टर को तत्काल सेवामुक्त कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी सेवामुक्त इंस्ट्रक्टर की सेवा पुनः बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन का निर्माण

*742. श्री अखतरूल ईमान (अमौर)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखंड अमौर के 310 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 99 केन्द्रों का एवं प्रखंड बैसा के 210 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से सिर्फ 89 केन्द्रों को ही भवन उपलब्ध है जिसके कारण केन्द्रों का संचालन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखंडों के आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*743. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (राजापाकर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में देसरी प्रखंड अन्तर्गत श्री गाँधी बाँके बिहारी अमीर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भटौलिया में चहारदीवारी नहीं रहने से बालक-बालिकाओं को पठन-पाठन में काफी व्यवधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी निर्माण करना

*744. श्री कौशल किशोर (राजगीर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सिलाव प्रखंड के +2 गाँधी उच्च विद्यालय, सिलाव की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण वहाँ पढ़ने वाला छात्र-छात्राओं को सुरक्षा का खतरा बना रहता है क्योंकि विद्यालय के दोनों तरफ पक्की सड़क होने से वाहनों का आवागमन ज्यादा है तथा विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण भी हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*745. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा)--दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''बच्चों के पेयजल पर डाका-270 की जगह 100 फीट बोरिंग की और लगा दिये मोटर'' के ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 71 हजार स्कूलों में सबमर्सिबल बोरिंग पम्प लगाने की योजना है, जिसमें 351 करोड़ की लागत से 13 हजार स्कूलों में पम्प लगाये जा चुके हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 11 जिलों के 2200 स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है क्योंकि उक्त स्कूलों में 270 से 300 फीट गहरी बोरिंग के निर्देश के बावजूद अधिकांश स्कूलों में मात्र 100 फीट ही बोरिंग की गई है एवं प्रत्येक विद्यालय में 2.70 लाख रुपये दिये जाने के बावजूद मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की जाँच कराने और दोषी पदाधिकारी एवं संवेदकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय परिसर की चहारदीवारी का निर्माण

*746. श्री पवन कुमार यादव (कहलगाँव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, बसटिकिया परिसर की घेराबंदी नहीं रहने के कारण आवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, जिससे विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं में असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय परिसर की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*747. श्रीमती रेखा देवी (मसौढ़ी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड के ग्राम पंचायत हुलासचक वीर के राजकीय बुनियादी विद्यालय, नौरंगावाद का भवन जर्जर स्थिति में है एवं चहारदीवारी भी अधूरा है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण कराते हुये चहारदीवारी का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मानदेय का भुगतान

*748. श्री अजीत कुमार सिंह (डुमराँव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुल सचिव के पत्रांक 1082/Estab/2024, दिनांक 23 नवम्बर, 2024 के आलोक में आउटसोर्सिंग एजेंसी 'सिक्स्थ सेन्स सिक्योरिटी एंड मैनजमेंट सलूशन प्राईवेट लिमिटेड' को विभिन्न कार्यों हेतु विभिन्न पदों पर बहाल संविदा कर्मचारियों को बिहार सरकार द्वारा निर्धारित दर पर अनुबंध के अनुसार मानदेय भुगतान का निर्देश दिया गया है, परन्तु आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा कर्मचारियों को निर्धारित मानदेय से बहुत कम भुगतान दिया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित अनुबंध की अवहेलना करते हुये कर्मचारियों को उनके बैंक खातों में कम मानदेय का भुगतान किया जा रहा है तथा उन्हें ESIC व EPF का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुबंध की अवहेलना के लिये आउटसोर्सिंग एजेंसी का कार्य अनुबंध रद्द करते हुये कर्मचारियों को निर्धारित मानदेय का भुगतान कराने तथा अन्य लाभ दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज स्थापित कराना

*749. श्री छोटे लाल राय (परसा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखंड में उच्च शिक्षा के लिये डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु परसा या सोनपुर 25 किलो मीटर दूर जाना पड़ता है और 50 प्रतिशत छात्र-छात्राएँ डिग्री की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार दरियापुर प्रखंड में कबतक डिग्री कॉलेज स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का भवन निर्माण करवाना

*750. श्री अजय यादव (अतरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के ग्राम पंचायत तेलारी के ग्राम-धनसुरा में मध्य विद्यालय का भवन जर्जर होकर गिर चुका है तथा विद्यालय का अपना जमीन भी उपलब्ध है इसके बावजूद भी विद्यालय का भवन निर्माण नहीं कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के बच्चों को कहीं दूसरे विद्यालय में पढ़ने के लिये जाना पड़ रहा है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुग्रह अनुदान राशि की भुगतान हेतु

*751. श्री अरूण शंकर प्रसाद (खजौली)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मेहतरपट्टी निवासी गीता देवी, पति-श्री चन्द्रमोहन महतो, उम्र 56 वर्ष की मेहतरपट्टी चौक और लोहरपट्टी के बीच अज्ञात मोटर साइकिल से ठोकर लगने के कारण दिनांक 28 फरवरी, 2024 को मृत्यु हो गई जिसका थाना कांड संख्या 34/24, दिनांक 9 मार्च, 2024 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के पति द्वारा सभी आवश्यक कागजात संलग्न कर बासोपट्टी थाना के पत्रांक DR1897/24, दिनांक 13 अगस्त, 2024 के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी, मधुबनी को अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान हेतु आवेदन दिया गया परन्तु आजतक भुगतान लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान करने तथा विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त कमरे का निर्माण

*752. श्री संजीव कुमार (परबत्ता)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता प्रखंड के नगर पंचायत, वार्ड नम्बर 21 में प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित, सिराजपुर में कक्षा एक से पाँच तक की पढ़ाई हेतु मात्र तीन कमरे हैं और छात्र-छात्राओं की संख्या 250 से अधिक है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि विद्यालय के पास अतिरिक्त कमरे के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कमरे का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का निर्माण

*753. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (सिकंदरा)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड एक अतिपिछड़ा क्षेत्र है तथा यह पूर्व में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र भी रहा है जहाँ अनुसूचित जाति/जनजाति की संख्या अधिक है, परन्तु उच्च शिक्षण संस्थान के अभाव में वहाँ शिक्षा का प्रचार-प्रसार नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्तित्व बचाना

*754. श्री रामप्रवेश राय (बरौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पी0एम0 श्री योजनान्तर्गत मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में विलय करने की योजना चल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली मुख्यालय में सन् 1923 में स्थापित ख्यातिप्राप्ति चिह्नित मध्य विद्यालय है, जिसमें कस्तुरबा विद्यालय भी संबद्ध है, को विलय करने की योजना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को पी0एम0 श्री योजना में विलय से अलग रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय में नये कमरे का निर्माण

*755. श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के आरोपुर पंचायत के प्रा0 विद्यालय, आन्धु सुमनी में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरम्मती नहीं होने के कारण उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन एवं चहारदीवारी निर्माण

*756. श्री उमाकांत सिंह (चनपटिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखंड स्थित श्री हरिहर संस्कृत महाविद्यालय, बकुलहर का भवन जर्जर अवस्था में है तथा चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय की जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महाविद्यालय, बकुलहर में नया भवन बनवाने एवं चहारदीवारी निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

माध्यमिक विद्यालयों का निर्माण

*757. श्री जनक सिंह (तरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान सभा क्षेत्र के तरैया प्रखंड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नारायणपुर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चैनपुर का अपना भवन नहीं होने के कारण शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पठन-पाठन कार्य में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नये भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा दिलाना

*758. श्री रणविजय साहू (मोरवा)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-गंध्रोरपुर, थाना-हलई, निवासी-राजीव पोद्दार, पिता-मेहन पोद्दार की सड़क दुर्घटना में दिनांक 23 अगस्त, 2022 को मृत्यु हो गई थी, जिसका हलई थाना कांड संख्या 417/22 दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक के परिवार को सरकार मुआवजा नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित परिवार को सरकारी मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवेदकों को राशि का भुगतान

*759. श्री दिलीप राय (सुरसंड)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे सीतामढ़ी जिला में बाल संरक्षण इकाई के तहत स्पॉन्सरशिप योजना में पूर्व से स्वीकृत आवेदकों को एक वर्ष से राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण स्वीकृत आवेदकों के असहाय परिवारों को भूखमरी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आवेदकों को राशि का भुगतान करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*760. श्री राजेश कुमार गुप्ता (सासाराम)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, जिगीना में स्थानीय लोगों द्वारा 3 एकड़ जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण विद्यालय के पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा भी लिखित शिकायत विभाग को किया गया है, परंतु आजतक विद्यालय को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, जिगीना के 3 एकड़ जमीन पर अवैध अतिक्रमण से मुक्त कर विद्यालय की चहारदीवारी करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम निर्माण

*761. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (दारौंदा)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड में दो साल पूर्व ही स्टेडियम की स्वीकृति सरकार द्वारा दी गयी थी, किन्तु अभी तक जिला प्रशासन द्वारा स्टेडियम निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में जमीन उपलब्ध कराकर स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

म्यूजियम को चालू करना

*762. श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सौराठ में 5 करोड़ की लागत से म्यूजियम का निर्माण पिछले वर्ष 2024 में ही पूर्ण हो चुका है, परंतु अभी तक चालू नहीं किया गया है जिसके कारण वह अनुपयोगी पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त म्यूजियम को शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भू-जल संरक्षण हेतु

*763. श्री राम सूरत कुमार (औराई)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड औराई के घनश्यामपुर, पररी में चीनी मिल रीगा, सीतामढ़ी का अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट, मनुषमारा नदी होते हुए लखनदेई नदी का पानी प्रदूषित करता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट के नदी में मिलने से मत्स्य संपदा सहित अन्य जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पर रहा है तथा अत्यधिक दुर्गंध से कृषकों व मवेशी पालकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आम-जनमानस एवं भू-जल संरक्षण हित में इस समस्या से निजात दिलाने हेतु कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*764. श्री अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत मैरवा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय-सह-इन्टर कॉलेज, कवीरपुर का चहारदीवारी एवं भवन जर्जर स्थिति में होने से आवारा पशुओं तथा असामाजिक तत्वों की उपस्थिति के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन की मरम्मती एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण

*765. श्री मुरारी मोहन झा (केवटी)--क्या मंत्री, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत एक भी पॉलिटेक्निक या ITI कॉलेज नहीं रहने के कारण यहाँ के छात्र-छात्रा को 10th करने के बाद किसी भी तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने के लिए 50 कि0मी0 की दूरी तयकर शहर जाना पड़ता हैं जिस कारण प्रतिभावान छात्र/छात्रा तकनीकी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करना

*766. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (चिरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पताही प्रखंड अंतर्गत पदुमकेर पंचायत के जरदाहां ग्राम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जरदाहां ग्राम में मध्य विद्यालय नहीं रहने के कारण सैकड़ों छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने हेतु 3 कि0मी0 की दूरी पर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौंदर्यीकरण कराना

*767. श्री जय प्रकाश यादव (नरपतगंज)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय, नरपतगंज स्थित स्टेडियम जीण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्टेडियम का समतलीकरण के साथ-साथ सौंदर्यीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऐच्छिक विषय के तौर पर उर्दू पढ़ाना

*768. श्री इजहारूल हुसैन (किशनगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला एक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है, किन्तु यहाँ पर CBSE बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त बहुत सारे निजी स्कूलों में ऐच्छिक विषय के तौर पर उर्दू की पढ़ाई नहीं होती है, जिससे यहाँ के बच्चे अच्छे स्कूलों में पढ़ाई करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन स्कूलों में ऐच्छिक विषय के तौर पर उर्दू पढ़ाने का आदेश प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभियंताओं को पुनर्बहाल करना

*769. श्री शिव प्रकाश रंजन (अगिआंव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिला शिक्षा कार्यालयों में जिला स्तर पर अभियंत्रण कोषांग का गठन किया गया था, जिसे भंग कर दिया गया है, जिसमे आउटसोर्सिंग के माध्यम से अभियंताओं का चयन विभागीय साक्षात्कार एवं न्यूनतम 5 साल के कार्य अनुभव के आधार पर किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अभियंताओं से लगभग एक साल तक कार्य लेने के बाद विभाग में पद रिक्त रहते हुए इन्हें विभाग द्वारा हटा दिया गया हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अभियंताओं को पुनर्बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

वर्ग कक्ष का निर्माण करना

*770. श्री हरि नारायण सिंह (हरनौत)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हरनौत प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोहरा के उच्च माध्यमिक विद्यालय, लोहरा में कुल कमरों की संख्या मात्र 8 है एवं वर्ग 1 से 7 तक कुल छात्रों की संख्या 346 एवं वर्ग 9 से 12 तक कुल छात्रों की संख्या 207 है जबकि उक्त विद्यालय में भवन के निर्माण हेतु जमीन भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयों में कम्प्यूटर सिस्टम ठीक कराना

*771. श्री अमर कुमार पासवान (बोचहां)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मुशहरी एवं बोचहाँ के बाजितपुर सहित अन्य उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर सिस्टम खराब है, जिससे छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखंड के विद्यालयों में जाँच कराते हुये कम्प्यूटर सिस्टम को ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 10+2 आवासीय विद्यालय का निर्माण

*772. श्रीमती रश्मि वर्मा (नरकटियागंज)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा 720 आसन वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 10+2 आवासीय विद्यालय निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2022 में दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवासीय विद्यालय का अबतक निर्माण नहीं कराया गया है, जबकि उक्त विद्यालय निर्माण हेतु रामचंद्र लालजी उच्च विद्यालय मधुरा, नरकटियागंज में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है तथा आवासीय विद्यालय का निर्माण नहीं होने से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्रा-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 10+2 आवासीय विद्यालय का निर्माण रामचंद्र लाल जी उच्च विद्यालय परिसर मधुरा, नरकटियागंज में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कम्प्यूटर उपलब्ध कराना

*773. श्री पवन कुमार जायसवाल (ढाका)--हिंदी समाचार-पत्र में दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित खबर के शीर्षक ''सर्वे, सूबे के एक हजार स्कूलों में सिर्फ छह फीसदी में ही कम्प्यूटर'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में किये गये सर्वे के अनुसार एक हजार स्कूलों में सिर्फ छह फीसदी में ही कम्प्यूटर की उपलब्धता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 76 हजार स्कूलों में से मात्र 6840 स्कूलों में ही कम्प्यूटर की सुविधा है, जिसमें 13% स्कूल ऐसे स्कूल हैं जहां सिस्टम बंद होने तथा कम्प्यूटर इन्स्ट्रक्टर नहीं होने से कम्प्यूटर पर काम नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शत-प्रतिशत स्कूलों में कम्प्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय खोलने हेतु

*774. श्री चेतन आनंद (शिवहर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के शिवहर प्रखंड अन्तर्गत ताजपुर पंचायत का वार्ड नं० 4 अनुसूचित जाति बाहुल्य है, जहां प्राथमिक विद्यालय के अभाव में बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला में प्राथमिक विद्यालय कबतक खोलने का विचार विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

V डैस कोड निर्गत करना

*775. श्रीमती मनोरमा देवी (बेलागंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर प्रखंड के रसलपुर पंचायत में मध्य विद्यालय, पांचुबिगहा को चार वर्ष पूर्व उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पांचुबिगहा का दर्जा देकर भवन निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पांचुबिगहा का भवन 4 वर्ष से निर्मित रहने के बावजूद विभाग द्वारा V डैस कोड निर्गत नहीं करने की वजह से विद्यालय में पठन-पाठन कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रहा है जिससे हजारों छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पांचुबिगहा को शीघ्र V डैस कोड निर्गत कर पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सरकारी शिक्षकों की निजी कोचिंग पर पाबंदी लगाना

*776. श्री नारायण प्रसाद (नौतन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 नवम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक'' सरकारी शिक्षक कोचिंग में नहीं पढ़ा सकते'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सरकारी शिक्षकों को निजी कोचिंग संस्थानों में क्लास लेने में पाबंदी की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया से सटा हुआ नौतन एवं बैरिया प्रखंड का मुख्यालय होने के कारण सभी शिक्षक अपने विद्यालय के पास निवास नहीं करते हुये जिला मुख्यालय, बेतिया में निवास करते हैं तथा निजी कोचिंग संस्थानों में सुबह-शाम क्लास लेने का काम करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैसे शिक्षकों को चिन्हित कराते हुये आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिरिक्त कमरों का निर्माण

*777. श्री ऋषि कुमार (ओबरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर में स्थित बालिका इन्टर विद्यालय में छात्राओं की संख्या 1670 है और क्लास रूम की संख्या 14 है जिसके कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*778. श्रीमती स्वर्णा सिंह (गौरा बौराम)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत राज्य के सभी प्रखंडों में एक आउटडोर स्टेडियम का निर्माण करवाये जाने का निर्देश दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम प्रखंड में एक भी आउटडोर स्टेडियम का निर्माण नहीं करवाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम प्रखंड अन्तर्गत उ०मा० (+2) विद्यालय, आसी एवं +2 उ०वि०, ज्वालामुखी कसरौर में स्टेडियम निर्माण हेतु भू-खंड उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भू-खंड पर स्टेडियम निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नृत्य एवं कला संसाधन उपलब्ध कराना

*779. श्री रामवली सिंह यादव (घोसी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के 10+2 विद्यालय, अहियासा (घोसी) सहित कई विद्यालयों में नृत्य एवं संगीत शिक्षक उपलब्ध हैं, लेकिन नृत्य एवं कला हेतु संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विद्यालयों में नृत्य एवं कला हेतु संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*780. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (जहानाबाद)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड के पंचायत मुरहारा में नवसृजित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन हेतु जमीन राज्यपाल के नाम से निबंधन होने के बावजूद भी भवन का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण करना

*781. श्री आफाक आलम (कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के जगैली पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जगैली का चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशु प्रवेश करते रहते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बालिका उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय स्थापित करना

*782. श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के विष्पपुरिया ग्राम में बालिका उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहीं होने के कारण छात्राओं को पढ़ने के लिए पाँच कि0मी0 दूर दादपुर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विष्पपुरिया ग्राम मे बालिका उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*783. श्री कुंदन कुमार (बेगूसराय)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बरौनी प्रखंड के उच्च विद्यालय, सहुरी के लिये शिक्षा विभाग के द्वारा नये भवन के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2024 में चयन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के नये भवन के निर्माण हेतु शिक्षा विभाग के द्वारा लगभग 226 लाख की राशि दिनांक 24 जुलाई, 2024 को आवंटित होने के बावजूद भी आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त-खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग द्वारा आवंटित राशि के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं कराने कि जाँच कराते हुए उक्त विद्यालय के भवन निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी बस सेवा चलाने हेतु

*784. श्री विजय कुमार मण्डल (दिनारा)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखण्ड मुख्यालय से जिला मुख्यालय की दूरी 40 कि0मी0 है, किन्तु प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय के लिए सीधी सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण प्राईवेट बस वाले अधिक भाड़ा वसूलते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक सीधी सरकारी बस सेवा चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय के भूमि एवं भवन उपलब्ध कराना

*785. श्री शमीम अहमद (नरकटिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत बनकटवा प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, जितना, ललुआ, पासवान टोला, बड़ा पकही एवं मुसहरी टोला गोबिन्दपुर का भवन एवं भूमि नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राएँ खुले आसमान में बैठ कर पढ़ने को विवश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के लिए भूमि एवं भवन कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन बनाने के संबंध में

*786. श्रीमती शालिनी मिश्रा (केसरिया)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत केसरिया प्रखंड के मठिया पंचायत वार्ड नं0 13 महादलित टोला में सामुदायिक भवन नहीं है, जिससे महादलित परिवारों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महादलित टोला में सामुदायिक भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घेराबंदी सहित गेट के निर्माण

*787. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत अमदाबाद के वार्ड संख्या 2 में मदरसा इसलाहुल मुसलेमिन हिफजुल कुरआन मदरसा नं0 1161 की घेराबंदी एवं गेट नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार घेराबंदी सहित गेट के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उर्दू विद्यालय का पुनर्जीवन करना

*788. श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड में आतासराय इस्लामपुर एवं महमुदा तथा एकगंरसराय प्रखंड में नवीगंज में उर्दू प्राथमिक विद्यालय वर्ष 1995 तक कार्यरत था, किन्तु वर्तमान में उक्त स्थानों पर उर्दू विद्यालय अस्तित्व में नहीं रहने से उर्दू की पठन-पाठन नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बंद पड़े उक्त उर्दू प्राथमिक विद्यालयों को पुनर्जीवित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला महाविद्यालय का निर्माण

*789. श्री सुर्यकान्त पासवान (बखरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत बखरी विधान सभा क्षेत्र में 'महिला महाविद्यालय' नहीं होने के कारण छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, छात्राओं के हित को देखते हुए उक्त क्षेत्र में महिला महाविद्यालय स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवासीय विद्यालय खोलना

*790. श्री विजय कुमार खेमका (पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की योजना है कि सभी प्रखंडों में एक अति पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय खोलना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ के पूर्व प्रखंड में अभीतक अतिपिछड़ा आवासीय विद्यालय नहीं है जबकि पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड में उक्त विद्यालय खोलने के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड में अतिपिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिये आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाना

*791. श्री रामानुज प्रसाद (सोनपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग, की अधिसूचना सं0 99, दिनांक 13 जनवरी, 2015 की अधिसूचना की कंडिका 12 (2) के द्वारा बिहार राज्य अराजकीय प्रारंभिक संस्कृत/उच्च संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों की भाँति राज्य के प्रारंभिक/उच्च विद्यालय के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*792. श्री मुहम्मद इजहार असफी (कोचाधामन)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज प्रखंड कोचाधामन के दक्षिण टोला असुरा में नया प्राथमिक विद्यालय अवस्थित है जिससे अतिरिक्त वर्ग कक्ष एवं चहारदीवारी का निर्माण नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष एवं चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण

*793. श्री विजय कुमार (शेखपुरा)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के लहना पंचायत के ग्राम-तियाय एवं ग्राम-अस्थावाँ में बिहार महादलित विकास मिशन के तहत सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कार्य नहीं करया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक 324/2024, दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को विभागीय मंत्री एवं पत्रांक 325/2024, दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को जिला पदाधिकारी, शेखपुरा को वर्णित स्थानों पर कार्य कराने हेतु पत्र देने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क दुर्घटनाओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करना

*794. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सड़क खराब रहने के कारण वाहन दुर्घटना में मौत या घायल होने पर लोगों को मुआवजा मिलता है तथा मोटर व्हीकल ऐक्ट, 1988 के तहत संबंधित विभाग पर जुर्माना भी किये जाने का प्रावधान है, परंतु आजतक एक भी विभाग पर सड़क खराब रहने के लिये जुर्माना नहीं किया गया है, जबकि राज्य में प्रत्येक महीने 800 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कारण से हुई सड़क दुर्घटनाओं की जांच कराकर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान एवं कार्रवाई करना

*795. श्री सी0 एन0 गुप्ता (छपरा)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 फरवरी, 2025 को प्रकाशित शीर्षक "शिक्षकों की गलती से 3 लाख छात्रों की राशि पर संकट" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के तीन लाख से अधिक स्कूली बच्चे को साईकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभ की राशि शिक्षकों की गलती के कारण छात्र-छात्राओं को वितरण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा पोर्टल पर शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ माता का नाम, उम्र और बैंक खाता की गलती के कारण तीन लाख स्कूली बच्चों को उक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तीन लाख से अधिक स्कूली बच्चों को योजनाओं की राशि का भुगतान शीघ्र करने एवं पोर्टल पर गलत सूचना देने वाले शिक्षकों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज खोलना

*796. श्री महा नंद सिंह (अरवल)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला अरवल के पंचायत स्तर पर +2 माध्यमिक विद्यालय होने से छात्राओं (बालिकाओं) की शिक्षा में ज्यादा सहूलियत हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए दूर नामांकन करना पड़ता है, जिससे इंटर के तुलना में स्नातक में नामांकन कम करवाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड स्तर पर बालिका डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन का निर्माण

*797. श्रीमती मीना कुमारी (बाबूबरही)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि महादलित टोला में जहाँ पहले से सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड नहीं है वहां सामुदायिक भवन का निर्माण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियाँ प्रखण्ड के पंचायत गिधवास के वार्ड नम्बर-12 एवं पदमा पंचायत के धत्ता टोला ग्राम में महादलित एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद भी सामुदायिक भवन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड अंतर्गत उक्त पंचायतों के ग्रामों के महादलित एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*798. श्री छत्रपति यादव (खगड़िया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत +2 एस0 आर0 उच्च विद्यालय, खगड़िया का भवन जर्जर व जीर्ण-शीर्ण हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में वर्ग IX से XII तक के छात्र-छात्राओं की संख्या 825 है, तथा वर्तमान में नवम एवं दशम के छात्रों का वर्ग संचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सहायक प्राध्यापकों का स्थायीकरण

*799. श्री अजय कुमार (विभुतिपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-वि0 को0/भी0को0एस0यू0/यूटीटीआई/34/11-389, दिनांक 02 फरवरी, 2012 द्वारा संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में दिनांक 26 मार्च, 2008 तक विधिवत् नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षकों को अनुदान राशि देने हेतु निदेश प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संबद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालयों में बिहार राज्य विश्वविद्यालय संशोधित अधिनियम-2015 के तहत दिनांक 19 अप्रील, 2007 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए चयन समिति विश्वविद्यालय स्तर पर बना लिया गया है, जबकि 19 अप्रील, 2007 के बाद एवं 26 मार्च, 2008 के पूर्व शासी निकाय द्वारा विधिवत् नियुक्त एवं अद्यतन कार्यरत सहायक प्राध्यापकों को स्थायीकरण हेतु चयन समिति अबतक नहीं बनायी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सहायक प्राध्यापकों को स्थायीकरण हेतु भूतलक्षी प्रभाव से चयन समिति बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय के नाम परिवर्तन के संबंध में

*800. श्री राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के प्रखंड छौराही अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, पतला साहपुर में दिनांक 12 नवम्बर, 1956 को विद्यालय के लिये भूमि दाता-आशा के पूर्वज द्वारा जमीन दान में दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के स्थापना काल 1957 ई० में विद्यालय का नाम श्री आशा बुनियादी विद्यालय, साहपुर रखा गया था, बाद में मध्य विद्यालय, साहपुर पतला लिखा जाने लगा तथा उक्त विद्यालय 2016 में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय एवं 2023 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का नाम जमीन दानदाता के नाम पर पुनः कबतक करने का विचार रखती है, यदि, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*801. श्री ललित कुमार यादव (दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय (+2) में सरकार के नियमानुसार प्रबंध समिति का अध्यक्ष पदेन माननीय स०वि०स०/स०वि०प० होते हैं तथा विद्यालयों में सभी तरह के विकास संबंधित निर्माण कार्य प्रबंध समिति के अनुमोदनोपरान्त करने का नियम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी उच्च विद्यालयों/(+2) माध्यमिक विद्यालय में विकास कार्य (चहारदीवारी, कमरा निर्माण एवं अन्य) बिना प्रबंध समिति के अनुमोदन के मनमाने ढंग से मानक एवं विशिष्टयों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, उदाहरण स्वरूप +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कनकपुर मनीगाछी, दरभंगा, उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय, गंज मनीगाछी, दरभंगा आदि ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बिना प्रबंध समिति के अनुमोदन के कराये गये कार्यों की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी अधिकारियों एवं संवेदकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का निर्माण

*802. श्री विश्व नाथ राम (राजपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-कोच में विद्यालय नहीं है, जिस कारण छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के छोटे-छोटे बच्चों को 2 किलो मीटर दूर जाकर पढ़ाई करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-कोच में विद्यालय का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक-सह-वर्कशेड का निर्माण

*803. श्री मनोज कुमार यादव (कल्याणपुर)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बड़हरवा कला पूर्वी पंचायत की किसी भी अनुसूचित जाति बस्ती में कोई सामुदायिक भवन नहीं है जबकि उक्त पंचायत के मौजा-गैरा की अनुसूचित जाति बस्ती के खाता नं0-628, खेसरा नं0-4057, रकबा-2 एकड़ 10 डिसमिल में गैर-मजरूआ भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्व0 कर्पूरी ठाकुर अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास खोलना

*804. श्रीमती गायत्री देवी (परिहार)--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्व0 कर्पूरी ठाकुर के नाम पर छात्रों की सुविधा के लिये जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास खोलने की योजना सरकार द्वारा संचालित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनबरसा प्रखंड मुख्यालय में छात्रों की सुविधा के लिये स्व0 कर्पूरी ठाकुर अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*805. श्री अरूण सिंह (काराकाट)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अनुमंडल बिक्रमगंज के नगर परिषद्, बिक्रमगंज में एकमात्र डिग्री महाविद्यालय ''अंजबित सिंह'' डिग्री महाविद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल के कुल 8 प्रखंडों में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण नामांकन हेतु अन्य डिग्री महाविद्यालय जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल के प्रत्येक प्रखंडों में एक-एक डिग्री कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन तथा लम्बित अनुदान देना

*806. श्री सत्यदेव राम (दरौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा 26 मार्च, 2008 को वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने के 17 वर्षों के बाद भी आजतक वेतनमान का निर्णय लम्बित है जिसके कारण जे0 पी0 विश्वविद्यालय, छपरा में 17 वर्षों से अनुदान निर्गत नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिकांश शिक्षा कर्मी का पैसे के अभाव में इलाज नहीं होने से मृत्यु हो गई और बिना पैसे के सेवानिवृत्त हो गये ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षा कर्मियों को वेतन तथा लम्बित अनुदान देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाइब्रेरियन की बहाली

*807. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकटा प्रखंड में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास निधि से सिकटा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक पुस्तकालय भवन का निर्माण हुआ है परंतु पुस्तकालय में पुस्तके और लाइब्रेरियन नहीं रहने से छात्र, युवाओं तथा अन्य पाठकों का पठन-पाठन नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुस्तकालय में पुस्तकें और लाइब्रेरियन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आँगनबाड़ी केन्द्र खोलना

*808. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (राजापाकार)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकार प्रखंड अन्तर्गत जाफरपट्टी पंचायत के वार्ड नं0-11 की दलित बस्ती में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं होने से वहाँ के दलित परिवारों के बच्चों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर आँगनवाड़ी केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*809. श्री कौशल किशोर (राजगीर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम-तकियाकला में प्राथमिक विद्यालय, तकियाकला का भवन जर्जर होने के कारण इसे प्राथमिक विद्यालय, चकदिलावर से संचालित किया जा रहा है, जिससे ग्राम-तकियाकला के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य कराते हुये पुनः सुचारू रूप से कक्षाएँ संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओवरलोडिंग पर पूर्णतः रोक लगाने एवं मामले की उच्चस्तरीय जाँच कराने

*810. श्री पवन कुमार यादव (कहलगाँव)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत NTPC कहलगाँव इकाई द्वारा ऐश पौंड से ऐश की ढुलाई करने वाले वाहनों में विगत कई वर्षों से ऐश (छाई) की ओवरलोडिंग से सड़के क्षतिग्रस्त हो रही है जिससे सरकार के राजस्व की बर्बादी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एन0टी0पी0सी0, कहलगाँव के ऐश पौंड से एन0टी0पी0सी0 की मिलीभगत से धड़ल्ले से हो रहे ओवरलोडिंग पर रोक लगाने एवं मामले की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों को दंडित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गैर-सूचीबद्ध एजेंसियों को कार्यमुक्त कर राशि वूसल करना

*811. श्री अजीत कुमार सिंह (डुमरांव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक (प्रशासन) के पत्रांक 04/वि०-16-43/2023/1515, दिनांक 23 अगस्त, 2023 के आलोक में विद्यालयों की साफ-सफाई एवं रात्रि सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने हेतु सूचीबद्ध एजेंसियों के बजाय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर द्वारा गैर-सूचीबद्ध एजेंसी 'रूद्र सागर सेवा संस्थान' तथा 'RS Enterprises' को संबद्ध किया गया है तथा अवैध तरीके से राशि का भुगतान भी किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, बक्सर के पत्रांक 234, दिनांक 13 अगस्त, 2004 के आलोक में साफ-सफाई हेतु सम्बद्ध एजेंसी 'First Idea' को कार्य में स्पष्ट अनियमितता के बावजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा राशि का भुगतान कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गैर-सूचीबद्ध एजेंसियों को कार्यमुक्त कर राशि वसूल करने तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर पर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन निर्माण

*812. श्री छोटे लाल राय (परसा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दरियापुर प्रखंड के पंचायत-टरवां मगरपाल के मकतब स्कूल मगरपाल मर्तुजा का भवन जर्जर है, जिससे छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक भयभीत रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्कूल का भवन कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय की घेराबंदी एवं शौचालय का निर्माण

*813. श्री अजय यादव (अतरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम पंचायत हथियामा के ग्राम-जगडीहा में राजकीय मध्य विद्यालय की घेराबंदी एवं शौचालय का निर्माण आजतक नहीं कराया गया है, जिसके कारण बच्चों के पठन-पाठन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के राजकीय मध्य विद्यालय की घेराबंदी एवं शौचालय निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय को फिर से शुरू करना

*814. श्री संजीव कुमार (परबत्ता)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता प्रखंड के महदीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 05 में सुरेंद्र प्रसाद सिंह कन्या उच्च विद्यालय का संचालन कई वर्षों से हो रहा था, किन्तु इस विद्यालय को बंद करने से छात्राओं को अब 2 से 3 किलो मीटर दूर उच्च विद्यालय जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कन्या उच्च विद्यालय को फिर से शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय में नये कमरे का निर्माण

*815. श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के मतासों पंचायत के म० विद्यालय मतासों में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरम्मती नहीं होने के कारण विद्यालय के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नये कमरे के निर्माण के साथ जर्जर कमरे की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वेतन निर्धारण करना

*816. श्री उमाकांत सिंह (चनपटिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के कन्या मध्य विद्यालय, गोलघर पार्क, पटना में 2016 में सुश्री अवगीना, पिता-मो० मुस्लिम खान एवं अन्य शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक नगर शिक्षिका के पद पर हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुश्री अवगीना एवं अन्य शिक्षकों को वर्ष 2017 से वर्ष 2020 तक के वेतन का निर्धारण विभाग द्वारा नहीं हुआ तथा आजतक पूर्णरूपेण भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नियुक्त शिक्षकों को शिक्षा विभाग के राज्य अपीलीय प्राधिकार से बकाया वेतन भुगतान सम्बंधित आदेश भी प्राप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षकों का वेतन निर्धारित करते हुये बकाया वेतन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*817. श्री जनक सिंह (तरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान सभा क्षेत्र के इसुआपुर प्रखंड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आतानगर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डाटरा पुरसौली का अपना भवन नहीं होने के कारण शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पठन-पाठन कार्य में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नये भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना:
दिनांक 11 मार्च, 2025 (ई०) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० 84(एल०ए०), 2024-25-डी०टी०पी०-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025